दैनिक
# उत्तराखण्ड प्रहरी

वर्ष 15 /अंक 40 / पृष्ठ 8
हरिद्वार, रविवार, 09 अप्रैल 2023
uttarakhandprahari19@gmail.com | e-paper: uttarakhandprahari.com
उत्तराखण्ड का सबसे विश्वसनीय मीडिया पार्टनर
RNI No. : - UTTHIN/2009/27592
मूल्य- 2 रु.



राष्ट्रीय ध्वज का अपमान बर्दाश्त नहीं
देश में सात लाख टन गेहूं की खरीद

## पीएम मोदी ने तमिलनाडु में चेन्नई-कोयम्बटूर वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई



**चेन्नई,(वार्ता )** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को चेन्नई-कोयम्बटूर वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई। इस ट्रेन से तमिलनाडु की राजधानी और औद्योगिक शहर कोयम्बटूर के बीच यात्रा के समय में एक घंटे से अधिक की कमी आने की उम्मीद है। एमजीआर चेन्नई सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने उद्घाटन के लिए विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाई, जो आधुनिक विशेषताओं और यात्री सुविधाओं से लैस है। उन्होंने ट्रेन में स्कूली छात्रों से भी बातचीत की। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है, यह पांच घंटे 50 मिनट के यात्रा समय के साथ दोनों शहरों के बीच सबसे तेज ट्रेन है, जिससे यात्रा के समय में एक घंटे से अधिक की बचत होगी। विज्ञप्ति के अनुसार तमिलनाडु के दोनों शहरों को जोडने वाली ट्रेन में स्वदेशी स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली कवच , सभी डिब्बों में सीसीटीवी कैमरे और स्वचालित स्लाइडिंग दरवाजों के साथ यात्री सुरक्षा को बढ़ाया गया है। इसके अनुसार दिव्यांगों के अनुकूल शौचालय, ब्रेल लिपि में सीट हैंडल नंबर, एलईडी लाइट जैसी आधुनिक सुविधाएं और 360 डिग्री घूमने योग्य सीट अन्य विशेषताएं हैं। इस दौरान रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि, मुख्यमंत्री एम के स्टालिन और केंद्रीय राज्य मंत्री एल मुरुगन उपस्थित थे। दक्षिण रेलवे ने कहा कि ट्रेन कोयम्बटूर से सुबह छह बजे रवाना होगी और पूर्वाह्न 11.50 बजे चेन्नई पहुंचेगी। चेन्नई से यह ट्रेन अपराह्न 2.25 बजे रवाना होगी और रात 8.15 बजे कोयम्बटूर पहुंचेगी। यह सेलम, इरोड और तिरुपुर में रुकेगी। यह सेवा बुधवार को छोड़कर सप्ताह के सभी दिन संचालित की जाएगी।

## राहुल गांधी की कोलार में होने वाली जनसभा अब 16 अप्रैल को होगी



**बेंगलुरु, (भाषा)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी का कोलार में 10 अप्रैल को होने वाला कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है और अब यह 16 अप्रैल को होगा। कांग्रेस की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष डी के शिवकुमार ने शनिवार को यह जानकारी दी।

शिवकुमार ने यहां पत्रकारों से कहा कि गांधी की 10 अप्रैल को उसी स्थान से लोगों को संबोधित करने की योजना थी जहां 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान दिए भाषण के कारण अदालत द्वारा आपराधिक मानहानि का दोषी ठहराए जाने के बाद उन्हें संसद के निचले सदन से अयोग्य घोषित कर दिया गया है। हालांकि, विधानसभा चुनाव संबंधी काम और उम्मीदवारों के चयन के कारण पार्टी नेताओं ने उनसे इस कार्यक्रम को एक सप्ताह के लिए टालने का अनुरोध किया। शिवकुमार ने कहा, हमने राहुल गांधी से जनसभा एक सप्ताह तक टालने का अनुरोध किया था और उन्होंने अपनी सहमति दे दी। गांधी और सभी नेता कोलार में जय भारत कार्यक्रम के लिए 16 अप्रैल को आएंगे। उन्होंने कहा कि लोकसभा सदस्यता से अयोग्यता के बाद कोलार में गांधी की यह पहली जनसभा होगी। उन्होंने कहा कि गांधी की लोकसभा सदस्यता से अयोग्यता लोकतंत्र का अपमान है। शिवकुमार ने कहा, सात लाख से अधिक मत हासिल कर जीत दर्ज करने वाले राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द करना पूरे लोकतंत्र का अपमान है। कांग्रेस के सूत्रों के अनुसार, पहले गांधी का कार्यक्रम पांच अप्रैल को आयोजित करने की योजना थी जिसे बदलकर छह अप्रैल कर दिया गया था।

## दुनिया में भारत की पहचान लोकतंत्र की जननी के रूप में है : ओम बिरला



**प्रयागराज, (वार्ता)।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को कहा कि भारत ने जो भी परिवर्तन किए, वह लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत किए और आज दुनिया में भारत की पहचान लोकतंत्र की जननी के रूप में है। मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के 19वें दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि बिरला ने कहा, भारत दुनिया का सबसे अधिक विविधता वाला देश है।

सभी धर्मों का पालन करने वाले लोग भारत में रहते हैं। उन्होंने कहा, इसलिए संविधान बनाते समय हमारे मनीषियों ने कहा था कि दुनिया में संविधान और लोकतंत्र के लिहाज से भारत की एक अलग पहचान होगी। एक समय था जब चुनौतियों से निपटने के लिए देश पश्चिम की ओर देखता था। लेकिन अब दुनिया भारत की ओर देख रही है। उन्होंने कहा कि भारत के कैंपस चाहे वे आईआईटी हों, चाहे ट्रिपल आईटी हो, चाहे एमएनएनआईटी हो, इंजीनियरिंग कॉलेज हो, मेडिकल कॉलेज हो, विज्ञान प्रौद्योगिकी के अनुसंधान केंद्र हों या सामान्य विश्वविद्यालय हो, नई शिक्षा पद्धति के कारण ए विश्वविद्यालय हर चुनौतियों के समाधान के केंद्र बनेंगे। बिरला ने कहा, हम केवल भौतिक संसाधानों के आधार पर देश नहीं चला रहे। हम अध्यात्मिक, संस्कृति, सामयिकता और वसुदैव कुटुंबकम की संस्कृति के आधार पर देश चला रहे हैं। इससे दुनिया में हमारी एक अलग पहचान बनने लगी है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि आईआईटी कानपुर के प्रोफेसर विनोद के सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि देश के 20 करोड़ से अधिक लोग गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे हैं।

## पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बुनियादी ढांचे का विकास कर रही हिमाचल सरकार: सीएम सुक्खू



**शिमला, (भाषा)।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शनिवार को कहा कि पर्यटन और राज्य की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के प्रयासों के तहत बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे के विकास की योजना बनाई गई है। उन्होंने यहां जारी एक बयान में कहा कि सरकार यह भी सुनिश्चित करेगी कि राज्य सभी मौसमों में पर्यटन के लिए खुला रहे। सुक्खू सर्दी में बर्फबारी के बाद हिमाचल प्रदेश के आदिवासी और दूरदराज के इलाकों में कुछ दर्शनीय स्थलों में पर्यटन गतिविधियों के बंद होने का जिक्र कर रहे थे।

सुक्खू ने कहा कि सरकार कांगड़ा को राज्य की पर्यटन राजधानी के रूप में विकसित करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है और जिले के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए एशियाई विकास बैंक द्वारा आवंटित 390 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि कांगड़ा में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं, जहां धौलाधार पर्वत श्रृंखला और कई ऐतिहासिक मंदिर हैं। सुक्खू ने कहा कि सरकार ने पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाने और उन्हें आधुनिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए जिले में विभिन्न परियोजनाओं के लिए खाका तैयार कर लिया है। प्रागपुर हेरिटेज विलेज में अंतरराष्ट्रीय स्तर के गोल्फ कोर्स का निर्माण भी प्रस्तावित है।

## केजरीवाल ने स्कूल गिराने की कथित योजना को लेकर भाजपा पर निशाना साधा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए कहा कि यदि वह स्कूल बनाने के लिए अपना कार्यालय तोड़ती तो उसका नाम इतिहास में दर्ज हो जाता, किंतु वह इसके विपरीत काम कर रही है, जो बहुत ही पीड़ादायक है। वहीं, भाजपा ने केजरीवाल और उनके पार्टी नेताओं को आदतन झूठा बताया। केजरीवाल ने पूर्वी विनोद नगर में एक स्कूल का उद्घाटन करने के बाद यह टिप्पणी की। भाजपा ने आम आदमी पार्टी के इस आरोप का शुक्रवार को खंडन किया था कि उसने दीनदयाल उपाध्याय मार्ग पर अपने नए केंद्रीय कार्यालय से सटे एक सरकारी स्कूल की भूमि पर अतिक्रमण किया है ।

## आवश्यक सूचना

'उत्तराखंड प्रहरी' के सभी पाठकों को सूचित किया जाता है कि आप अपने प्रिय अखबार 'उत्तराखंड प्रहरी' महाभियान में शामिल हो सकते हैं। आप अपने द्वारा लिखी गई कोई भी संरचना, कविता, कहानी, लेख या कार्यक्रम हमसे साझा कर सकते हैं। अच्छे लेख व कहानी को 'उत्तराखंड प्रहरी' में उचित स्थान दिया जाएगा। आप अपने प्रियजनों को जन्मदिन, सालगिरह या अन्य शुभ अवसरों पर बधाई संदेश भी दे सकते हैं।

आप हमें ईमेल
uttarakhandprahari19@gmail.com या
whatsup no 8077771906 पर भी भेज सकते हैं।

# संपादकीय

## अनुच्छेद 19 की सुप्रीम समीक्षा

जब से भारत का संविधान बना और लागू किया गया है, अभिव्यक्ति की आज़ादी और अनुच्छेद 19 के तहत स्वतंत्र मीडिया की चर्चा, किसी न किसी संदर्भ में, होती रही है। भारत में मीडिया पूर्णतः स्वतंत्र है, लिहाजा लोकतंत्र ज़िन्दा है। लेकिन उस पर 'तर्कसंगत प्रतिबंध' लगाए जाते रहे हैं। कारण राष्ट्रीय सुरक्षा या संवेदनशील नीतियों के उल्लंघन का बताया जाता रहा है। सरकार 'तार्किक पाबंदियों' की व्याख्या नहीं करती, लिहाजा अनुच्छेद 19 बौना और अप्रभावी साबित होता रहा है। संविधान ने भी ऐसे मानक तय नहीं किए हैं, जिनके आधार पर प्रतिबंधों की तार्किकता को परखा जा सके। अदालतों ने भी सटीक व्याख्या नहीं की है, नतीजतन पत्रकारों पर प्रहार जारी रहे हैं और मीडिया की स्वतंत्रता का मौलिक अधिकार बेमानी साबित होने लगता है। ऐसे निराशाजनक और अनिश्चित माहौल में सर्वोच्च अदालत ने अनुच्छेद 19 की स्पष्ट व्याख्या की है और मीडिया को सुरक्षित रखने की महत्त्वपूर्ण कोशिश की है। मामला मलयालम न्यूज़ चैनल का था।

भारत सरकार के सूचना-प्रसारण मंत्रालय ने चैनल के लाइसेंस का नवीकरण खारिज कर दिया था। चैनल पर राष्ट्रीय सुरक्षा के उल्लंघन का गंभीर आरोप चस्पा किया गया था। 'माध्यमम ब्रॉडकास्टिंग लिमिटेड बनाम भारत सरकार' मामले में शीर्ष अदालत ने हस्तक्षेप किया और अनुच्छेद 19 के तहत मीडिया की स्वतंत्रता की गारंटी प्रतिपादित की। सुप्रीम अदालत ने इस फैसले के जरिए एक न्यूनतम मानदंड भी स्थापित किया, जिसके आधार पर न्यायपालिका अपने निर्णय सुना सकती है। यह फैसला मीडिया की स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार को लेकर एक उदाहरण बन गया। चैनल 'मीडिया वन' के अस्तित्व का सवाल था और आरोप राष्ट्रीय सुरक्षा के लगाए गए थे, लिहाजा चैनल ने पहले तो केरल उच्च न्यायालय में इस पाबंदी को चुनौती दी। राष्ट्रीय सुरक्षा का उल्लंघन कैसे किया गया, भारत सरकार ने सार्वजनिक रूप से स्पष्ट नहीं किया था, क्योंकि सूचना-प्रसारण मंत्रालय का जवाब सीलबंद लिफाफे में बंद था। ऐसी स्थिति में गोपनीयता का तर्क भी दिया जाता है और अपीलकत्र्ता खुलकर अपना बचाव नहीं कर सकता, नतीजतन उच्च न्यायालय ने भी स्वीकार किया कि राष्ट्रीय सुरक्षा के संदर्भ में न्यायिक समीक्षा की संभावनाएं और गुंज़ाइश भी सीमित हैं। उसके बाद मामला सर्वोच्च अदालत में आया था। प्रधान न्यायाधीश जस्टिस चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में न्यायिक पीठ ने प्रक्रिया और ठोस आधार पर 'मीडिया वन' के पक्ष में फैसला सुनाया।

सबसे महत्त्वपूर्ण पक्ष यह रहा कि न्यायिक पीठ ने 'तर्कसंगत प्रतिबंध' के मानक भी तय कर दिए और आदेश दिया कि राष्ट्रीय सुरक्षा के संदर्भ में भी 'सीलबंद लिफाफे' का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। यह समतल क्षेत्र के खेल की भावनाओं के खिलाफ है। सरकार को अब समानता के चार-पदीय मानकों का बचाव करना ही होगा। जानबूझ कर और मनमाफिक तरीके से अधिकारों को उलटा-पलटा नहीं जा सकता। 'मीडिया वन' के खिलाफ भारत सरकार का निर्णय समानता के मानकों का उल्लंघन करता है। 'गुप्तचर ब्यूरो' की दलील थी कि 'मीडिया वन' सत्ता-विरोधी है, क्योंकि उसने सेना और न्यायपालिका की आलोचना की है। सर्वोच्च अदालत ने सीलबंद लिफाफे को खोला और सरकार के निर्णय का आधार सार्वजनिक हो गया।

# राष्ट्रीय ध्वज का अपमान बर्दाश्त नहीं

प्रताप सिंह पटियाल

**भारत के प्रति हिकारत भरी इस कारकर्दगी पर इन देशों की हुकूमत के लब-ए-इजहार पर खामोशी की रजामंदी का आलम कई सवाल खड़े करता है। विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक राष्ट्र भारत की प्रतिष्ठा से जुड़े इस मुद्दे पर इन मुल्कों को अपना नजरिया साफ करना होगा**

भारत का स्वाभिमान राष्ट्रीय ध्वज शान ए तिरंगा अंतर्राष्ट्रीय पटल पर हिंदोस्तान की राष्ट्रीय पहचान को जाहिर करता है। संविधान के मौलिक कत्र्तव्यों में राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करना भारत के हर नागरिक का मूल कत्र्तव्य माना गया है। अंग्रेजों से आजादी के लिए देश के सैंकड़ों इंकलाबी युवा तख्ता-ए-दार पर झूल गए। लंबी जद्दोजहद के बाद बर्तानियां के झंडे यूनियन जैक का सूर्यास्त हुआ तथा आजादी के प्रतीक तिरंगे का उदय हुआ। कत्र्तव्य पथ पर जश्न-ए-जम्हुरियत की शुरुआत हो या लाल किले की प्राचीर से जश्न-ए-आजादी का आगाज दोनों कार्यक्रमों का शुभारंभ राष्ट्रीय ध्वजारोहण से ही होता है। वर्तमान में कुछ देशों में भारत विरोधी मनोग्रंथी में डूब चुके तत्वों द्वारा भारत के राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करके हिंदोस्तान की संप्रभुता को चुनौती देने की हिमाकत हो रही है। स्मरण रहे देश के सैनिक मातृभूमि की रक्षा के लिए बलिदान देने का हलफ राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के समक्ष ही लेते हैं। अतः राष्ट्रीय ध्वज के अपमान से करोड़ों देशवासियों के साथ खिलाडियों व सैनिकों की भावनाएं सबसे ज्यादा आहत होती हैं। राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को वैश्विक स्तर पर गौरव प्रदान करने में सबसे बड़ा योगदान हमारे खिलाडियों व सैनिकों का होता है। इसीलिए अंतर्राष्ट्रीय खेल मैदानों से लेकर देश की सरहदों तक तिरंगा पूरी शान व शिद्दत से लहराता है। आजादी के बाद किशन लाल की कप्तानी में भारतीय हॉकी टीम ने लंदन ओलंपिक में 12 अगस्त 1948 को इंग्लैंड की टीम को हराकर 'गोल्ड मेडल' जीतकर भारत को गौरवान्वित किया था।

मल्लिका ए बर्तानियां 'एलिजाबेथ' उस मैच को देखने के लिए स्टेडियम में मौजूद थी। जब हॉकी टीम ने आज़ाद भारत का पहला स्वर्ण पदक जीतकर हिंदोस्तान पर दो सौ वर्षों तक हुक्मरानी करने वाले ब्रिटेन की धरती पर तिरंगा फहराकर अंग्रेजों को आईना दिखाया था। कपिल देव के नेतृत्व में भारतीय क्रिकेट टीम ने 25 जून 1983 को 'लार्डस' के मैदान में कैरिबियाई टीम को शिकस्त देकर विश्व कप जीतकर उसी ब्रिटेन की धरती पर तिरंगा फहराया था। भारत को क्रिकेट का विश्व विजेता बनाने वाले कपिल देव को भारतीय सेना ने 'पंजाब रेजिमेंट' में मानद कर्नल की उपाधि दी है। 2007 में टी ट्वेंटी तथा 2011 में वन डे क्रिकेट विश्व कप जीतकर तिरंगा फहराने वाले कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को सेना ने 'पैरा कमांडों' में मानद कर्नल का ओहदा प्रदान किया है। तात्पर्य यह है कि भारत को विश्व विजेता बनाकर तिरंगा फहराने वाले खिलाडियों को भारतीय सेना अपने विशेष अंदाज से सम्मानित करती है। 2008 के बीजिंग ओलंपिक में 10 मीटर एयर राइफल में स्वर्ण पदक जीतकर चीन की धरती पर तिरंगा फहराने वाले अभिनव बिंद्रा 'सिख रेजिमेंट' के मानद कर्नल है। 2021 टोक्यो ओलंपिक में जेवलिन थ्रो में स्वर्ण पदक जीतकर तिरंगे को वैश्विक खेल पटल पर गौरव प्रदान करने वाले नीरज चोपड़ा 'राजपूताना राइफल' में सूबेदार के पद पर तैनात हैं। विंग कमांडर 'राकेश शर्मा' ने सन-1984 में अंतरिक्ष में तिरंगा फहरा कर भारत का मान बढ़ाया था।

27 अक्तूबर 1947 को भारतीय सेना ने श्रीनगर में तिरंगा लहराकर पाक हुक्मरानों को एहसास करया था कि कश्मीर भारत का अभिन्न अंग बन चुका है। पाक सेना की मंसूबाबंदी को नेस्तानाबूद करके भारतीय सेना ने आठ सितंबर 1965 को लाहौर में तिरंगा फहरा दिया था। हमारे 'राष्ट्रीय गान' में जिस 'सिंध' का जिक्र होता है, कर्नल 'भवानी सिंह' '10 पैरा कमांडो' ने 7 दिसंबर 1971 को उसी सिंध की धरती पर तिरंगा फहराकर पाकिस्तान को भारत की सैन्य हैसियत से रूबरू करवा दिया था। हिमाचल के शूरवीर मेजर 'गुरदेव सिंह जसवाल' 'वीर चक्र' ने 10 दिसंबर 1971 को पाकिस्तान के अंदर घुसकर पाक सेना की किलेबंदी को ध्वस्त करके शकरगढ़ में तिरंगा फहरा कर अपना बलिदान दिया था। कारगिल जंग के नायक कै. बिक्रम बत्रा ने युद्ध के दौरान कहा था कि 'जीत के बाद तिरंगा फहराकर आऊंगा या फिर उसी तिरंगे में लिपटकर आऊंगा लेकिन आऊंगा जरूर'। मातृभूमि के लिए बलिदान देने वाले बिक्रम बत्रा की यह जुनूनी तहरीर सात जुलाई 1999 को सच साबित हुई थी। काबिलेगौर रहे कि राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को डिजाइन करने वाले 'पिंगली वैंकेया' भी ब्रिटिश भारतीय सेना में सैनिक थे। आजादी से पूर्व सैनिकों को ब्रिटिश साम्राज्य के झंडे 'यूनियन जैक' को सलामी देनी पड़ती थी। उस वक्त पिंगली वैंकेया के जहन में भारत की आजादी के सूचक अपने राष्ट्रीय ध्वज की अहमियत का एहसास हुआ था। 'एंग्लो बोअर' युद्ध ( 1899-1902 ) के दौरान पिंगली वैंकेया दक्षिणी अफ्रीका में तैनात थे। उस समय पींगली वैंकेया की मुलाकात दक्षिण अफ्रीका में महात्मा गांधी से हुई थी।

# बिहू पर्व का महत्त्व

असम सिर्फ एक प्रदेश का नाम नही, प्राकृतिक सौंदर्य, प्रेम, विभिन्न संस्कृतियों इत्यादि की झलक का प्रतीक है। असम की ढेर सारी संस्कृतियों में से बिहू एक ऐसी परंपरा है, जो यहां का गौरव है। असम में मनाए जाने वाले बिहू मुख्यतः 3 प्रकार के होते हैं। 14 अप्रैल से बोहाग बिहू पर्व की शुरुआत हो रही है। ये पर्व पूरे एक सप्ताह तक मनाया जाता है। इस पर्व से असम में नव वर्ष का प्रारंभ होता है। इस दिन से फसल की कटाई, शादी-विवाह के शुभ मुहूर्त की शुरुआत हो जाती है। बिहू असम और उत्तर पूर्वी राज्यों का प्रमुख त्योहार है, जो साल में तीन बार मनाया जाता है। जनवरी महीने के मध्य में भोगाली बिहू मनाया जाता है, इसे माघ बिहू भी कहते हैं। अप्रैल के मध्य में बोहाग बिहू मनाया जाता है, जो रोंगाली बिहू या हतबिहू के नाम से भी प्रचलित है।



इसके अलावा तीसरी बार ये पर्व अक्तूबर के मध्य में मनाया जाता है, जिसे कंगाली या काती बिहू के नाम से जाना जाता है। लेकिन बोहाग बिहू से असम में नव वर्ष का प्रारंभ माना जाता है। ये त्योहार फसलों का त्योहार है और किसानों को समर्पित माना जाता है। बोहाग बिहू का पर्व 14 अप्रैल से शुरू हो रहा है। ये त्योहार एक हफ्ते तक मनाया जाता है। जानिए इस पर्व से जुड़ी खास बातें। बिहू के पहले दिन गाय पूजा का विशेष महत्त्व होता है। इस दिन सुबह-सुबह गउओं को नदी में ले जाकर उन्हें कलई दाल और कच्ची हल्दी से नहलाते हैं। ये चीजें एक रात पहले से ही भिगोकर रख दी जाती हैं। उसके बाद गउओं को लौकी, बैंगन आदि खिलाया जाता है। माना जाता है कि इससे गउएं सालभर कुशलता पूर्वक रहती हैं और परिवार में सुख समृद्धि निवास करती है। शाम के समय जहां गउएं रखी जाती हैं, वहां गाय को नई रस्सी से बांधा जाता है और नाना तरह के औषधि वाले पेड़-पौधे जलाकर मच्छर-मक्खी भगाए जाते हैं। इस दिन लोग दिन में चावल नहीं खाते, केवल दही चिवड़ा ही खाते हैं। बिहू पर्व पर किसान अपनी फसलों की कटाई करते हैं और ईश्वर से भविष्य में फसलों की अच्छी पैदावार की कामना करते हैं। इसके बाद इस मौसम की पहली फसल को अपने देवता शबराई को अर्पित करते हैं। इस एक हफ्ते के बीच कई तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। यहां की महिलाएं और पुरुष ढोल, बांसुरी, पेपा, ताल की थाप पर पारंपरिक परिधान पहनकर यहां का पारंपरिक बिहू नृत्य करते हैं। मान्यता है कि बिहू पर्व के दौरान ढोल बजाने से आसमान में बादल आ जाते हैं, जिससे बारिश शुरू हो जाती है और खेती अच्छी होती है।

वैद्यानिक सूचना

**उत्तराखंड प्रहरी** के संपादन में हम प्रयासरत है कि हमारी ओर से खबर में किसी भी प्रकार की कोई त्रुटि न हो। हमारी कोशिश है कि अखबार में छपी किसी खबर, रिपोर्ट, फीचर या लेख से व्यक्ति विशेष, संगठन या समुदाय की भावना को ठोस न पहुंचे। **उत्तराखंड प्रहरी** में प्रकाशित लेख, विश्लेषण और साभार, ली गई सामग्री के विचार संबंधित लेखकों और रचनाकारों के निजी विचार हैं, न कि अखबार के। अतः सभी पाठकों से आग्रह है कि वे किसी सूचना, समाचार, विज्ञापनों आदि के आधार पर कोई फैसला करने से पहले तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। उसके लिए किसी भी प्रकार से लेखक, संपादक, प्रकाशक, प्रिंटर या विक्रेता को उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता है। तथा किसी भी कारोबारी और निज निर्णय के लिए **उत्तराखंड प्रहरी** जिम्मेवार नहीं होगा।

# जोशीमठ में शुरू हुई दो दिवसीय औली मैराथन प्रतियोगिता

सुमित तिवारी, उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो





**जोशीमठ।** उत्तराखंड स्की माउंटेनियरिंग एसोसिएशन एवं स्काई रनिंग एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में जोशीमठ में राष्ट्रीय स्तर की दो दिवसीय मैराथन प्रतियोगिता शनिवार से शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जोशीमठ नरसिंह एवं नव दुर्गा मंदिर प्रांगण से मैराथन प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को जोशीमठ औली में मैराथन सहित अन्य साहसिक और रोमांचक खेल प्रारंभ होने पर हार्दिक बधाई एंव शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज जोशीमठ औली से हिमालयन मैराथन, फन रेस सहित अन्य खेलों का शुभारंभ होना हमारे लिए गौरव की बात है। हम लगातार उत्तराखंड में ऐसे कार्य, धरातल पर उतारने का प्रयास कर रहे हैं, जिससे यहां के पर्यटन को और अधिक बढ़ावा मिले। उन्होंने जोशीमठ में इस भव्य आयोजन के लिए सभी आयोजकों एवं इसमें भाग लेने वाले देश विदेश के सभी खिलाड़ियों को भी ढेरों बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा के शुरुआती दिनों में जोशीमठ को लेकर जो भय का माहौल बनाया जा रहा था, आज सब सामान्य है। सरकार ने इस स्थिति से उभरने के लिए सकारात्मक काम किए हैं। इसी का परिणाम है कि 22 अप्रैल से शुरू होने वाली हमारी चारधाम यात्रा के लिए 11.30 लाख से अधिक पंजीकरण हो चुके हैं। उन्होंने कहा इस बार पिछले वर्षों से अधिक संख्या में श्रद्धालु उत्तराखंड के तीर्थ धाम में दर्शन के लिए पहुंचेंगे और पिछले वर्षों के सारे रिकॉर्ड पीछे छूट जाएंगे। जोशीमठ में आयोजित मैराथन के माध्यम से मुख्यमंत्री ने देश-विदेश के पर्यटकों को संदेश देते हुए आश्वस्त किया कि औली और जोशीमठ पूरी तरह से सुरक्षित है और चार धाम यात्रा के लिए तैयार है। जोशीमठ में आयोजित यह भव्य मैराथन इसका प्रमाण है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष बर्फ ना गिरने के कारण औली में विंटर्स गेम नहीं हो सके, लेकिन आज जोशीमठ में मैराथन के भव्य आयोजन के बाद सभी काम अच्छे होंगे। चारों धामों की

**मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया प्रतियोगिता का उद्घाटन।**

**देश के विभिन्न राज्यों के 300 से अधिक एथलीट्स ने हिस्सा लेकर सुरक्षित जोशीमठ का दिया संदेश।**

पवित्र यात्रा शुरू होने जा रही है। देवभूमि उत्तराखंड सभी तीर्थ यात्रियों और पर्यटकों के स्वागत के लिए पूरी तरह से तैयार है।

स्की माउंटेनियरिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय भट्ट ने कहा कि औली मैराथन के अंतर्गत स्काई रनिंग और स्काई अल्ट्रा रेस का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें उत्तर प्रदेश उड़ीसा, आंध्र प्रदेश, दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तराखंड सहित देश के विभिन्न राज्यों के 300 से अधिक एथलीट प्रतिभाग कर रहे हैं। जोशीमठ क्षेत्र के विद्यालय एवं ग्राम सभाओं के लोग भी इसमें हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस बार जनवरी माह में जोशीमठ आपदा और औली में कम बर्फबारी के कारण विंटर गेम्स का आयोजन संभव न होने से पर्यटन व्यवसाय प्रभावित हुआ है। सुरक्षित जोशीमठ का संदेश पहुंचाने और पर्यटन व्यवसाय को उभारने के लिए औली मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। औली मैराथन के अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद भट्ट, कर्णप्रयाग विधायक अनिल नौटियाल, थराली विधायक भूपाल राम टम्टा, बीकेटीसी के अध्यक्ष अजेन्द्र अजय, बीजेपी के जिला अध्यक्ष रमेश मैखुरी, जोशीमठ नगर पंचायत अध्यक्ष शैलेन्द्र पंवार, ब्लाक प्रमुख हरीश पंवार, गोपेश्वर नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा पासवान, कर्णप्रयाग नगर पालिका अध्यक्ष दमयंती रतूड़ी, स्थानीय जन प्रतिनिधि विनोद कपरवान, ऋषि प्रसाद सती, नितेश चौहान, माधव प्रसाद सेमवाल, रिपुदमन सिंह रावत, अतुल शाह, रोहणी रावत, जगदंबा प्रसाद उनियाल आदि सहित जिलाधिकारी हिमांशु खुराना, पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र डोबाल, सीडीओ डा.ललित नारायण मिश्र एवं अन्य अधिकारी व बडी संख्या में क्षेत्रीय जनता मौजूद थी।

# वार्षिकोत्सव में टापर्स छात्र-छात्रा होंगे पुरस्कृत : प्रो. बत्रा

सुमित तिवारी, उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**हरिद्वार।** एस.एस.एम.जे.एन. पी.जी. कॉलेज में दिनांक 10 अप्रैल को होने वाले वार्षिकोत्सव 'उड़ान-2023' की समस्त तैयारियाँ पूर्ण कर ली गयी हैं तथा वार्षिकोत्सव को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु विभिन्न कमेटियों का भी गठन किया गया हैं। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सुनील कुमार बत्रा ने 10 अप्रैल को होने वाले वार्षिकोत्सव की तैयारियों के सम्बन्ध में ली गयी बैठक में समस्त समितियों के प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये।




प्रो. सुनील कुमार बत्रा ने कहा कि वार्षिकोत्सव कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री नरेश बंसल, माननीय राज्य सभा सांसद, मुख्य अतिथि प्रो. महावीर सिंह रावत, माननीय कुलपति महोदय, श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय तथा विशिष्ट अतिथि प्रो. सी.डी. सुंठा, माननीय निदेशक महोदय, निदेशालय उच्च शिक्षा आशीवर्चन कॉलेज प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष श्री महन्त रविन्द्र पुरी जी महाराज प्राप्त होगा। कार्यक्रम में विधार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022 में महाविद्यालय के टॉपर्स छात्र-छात्राओं को गोल्ड मैडल व प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया जायेगा। इसके अतिरिक्त दस अन्य प्रतिभाओं को भी इस अवसर पर सम्मानित किया जायेगा।

सभा का संचालन डॉ. संजय माहेश्वरी, अधिष्ठाता छात्र कल्याण द्वारा किया गया। इस अवसर पर सम्पन्न हुई बैठक में मुख्य रूप से डॉ. मन मोहन गुप्ता, डॉ. तेजवीर सिंह तोमर, डॉ. जे.सी. आर्य, डॉ. नलिनी जैन, विनय थपलियाल, डॉ. सुषमा नयाल, डॉ. रजनी सिंघल, डॉ. मनोज कुमार सोही, डॉ. लता शर्मा, डॉ. शिवकुमार चैहान, श्रीमती रिंकल गोयल, श्रीमती रिचा मिनोचा, डॉ. मोना शर्मा, डॉ. रेनू सिंह, डॉ. विनीता चौहान, डॉ. मिनाक्षी शर्मा, डॉ. पदमावती तनेजा, डॉ. आशा शर्मा, डॉ. पूर्णिमा सुन्दरियाल, विनीत सक्सेना, दिव्यांश शर्मा, कार्यालय अधीक्षक मोहन चन्द पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

# हर की पौड़ी स्थित मंदिर में हुई चोरी का हुआ खुलासा, चोरी का माल सहित दो गिरफ्तार

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**हरिद्वार।** धर्मनगरी हरिद्वार के मन्दिरों में चोरी की शर्मसार घटना जो पुलिस के लिये बनी चुनौती से कम नही है का कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा खुलासा करते हुये धर दबोचे दो शातिर चोर। कब्जे से बरामद की चोरी की मूर्तियां एवं अन्य पूजा के बर्तन *

**घटना-1:** दिनांक 06.04.23 को वादी महन्त उत्तम गिरी चेला महन्त हरिगिरी निवासी महाराज अखाडा परिषद महामन्त्री जूना अखाडा हरिद्वार द्वारा तहरीर दी कि दिनांक 06.04.23 को सुबह 5 बजे के लगभग विरला घाट स्थित हनुमान मन्दिर से अज्ञात चोर द्वारा मूर्तियां, गंगा आरती घडियाल एवं घंटी आदि को चोरी करने के सम्बन्ध मे तहरीर दी गयी। जिस पर थाना हाजा मु0अ0सं0 233/23 धारा 380,457 भादवि पंजीकृत किया गया।

**घटना- 2 :** इसी दिनांक 06.04.23 को वादी मोनू शर्मा पुत्र प्रमोद कुमार शर्मा निवासी शिवरत्न केन्द्र गऊघाट को0नगर हरिद्वार द्वारा भी एक तहरीर दी कि अज्ञात चोरो द्वारा श्री प्रकाश्वर मन्दिर हरिद्वार से ताम्बे के नाग व चिरागी लोटे आदि को चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में तहरीर दी गयी जिस पर थाना हाजा पर मु0अ0सं0 234/23 धारा 380 भादवि पंजीकृत किया गया।

पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही – अज्ञात चोरों द्वारा मन्दिर में चोरी की शर्मनाक घटना कारित करने से आम जनता के मध्य रोष जो पुलिस के लिये चुनौती से कम नही थी।के दृष्टिगत कोतवाली प्रभारी निरीक्षक महोदय द्वारा अभियोग के अनावरण, अभियुक्त गण की तलाश गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम गठित की गयी। पुलिस टीम द्वारा गहन एवं ठोस सुरागरसी पतारसी एवं कई सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन करते हुये दिनांक 07.04.23 को पुलिस टीम द्वारा रोडीवेलवाला टैम्पो स्टैण्ड हरिद्वार के पास बनी झोपडियों से अभियुक्त गण -1- केशव कुमार पुत्र अजब सिह निवासी रानीगली हरदेव अपार्टमेन्ट निकट प्राईमरी स्कूल हरिपुर कला थाना रायवाला देहरादून उम्र 22 वर्ष 2- विकास पुत्र ब्रजेश पांचाल निवासी इण्टर कालेज रोड पंचायत घर के सामने हरिपुर कला थाना रायवाला देहरादून उम्र 22 वर्ष को चोरी किये गये सामान सहित गिरफ्तार किये गये । तथा कब्जे से निम्न चोरी का सामान बरामद हुआ।



## बरामदगी का विवरण

तांबे का बडा नाग-01
ताबे के लोटे -03
घंटियां-02
चिराग पीली धातु-02
आरती पात्र 02
भगवान जी की मूर्तियां - - 04
शिवलिंग -01

## पुलिस टीम

- प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर हरिद्वार
- उ0नि0 मुकेश थलेडी को0 नगर हरिद्वार
- उ0नि0 अशोक कश्यप को0 नगर हरिद्वार
- का0 855 खुशीराम को0 नगर हरिद्वार
- का0 56 अमित कुमार को0नगर हरिद्वार
- का0 703 विक्रम सिह को0नगर हरिद्वार

# बाग, खेत में कॉलोनियों काटने वाले माफियाओं पर लगे अंकुश: सोमदत्त शर्मा

हरिद्वार में हुआ भारतीय किसान यूनियन का सम्मेलन, राष्ट्रीय अध्यक्ष पहुंचे

संगठन का विस्तार करते हुए अक्षय चौधरी को बनाया जिलाध्यक्ष

किसानों की समस्याओं के लिए बुलंद करेंगे आवाज: अक्षय चौधरी

सुमित तिवारी। उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो



**हरिद्वार।** भारतीय किसान यूनियन ने हरिद्वार ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम गाड़ोवाली में किसान सम्मेलन का आयोजन किया। सम्मेलन में पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष सोमदत्त शर्मा का किसान नेताओं ने फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। सम्मेलन में संगठन का विस्तार किया गया। वहीं, बागों, खेतों को काटकर कालोनियां बनाने वालों अंकुश लगाने की जोरशोर से मांग उठाई गई। ऐसा न होने पर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोमदत्त शर्मा ने बताया कि कार्यकारिणी को मजबूत करने के लिए संजीव चौधरी को केंद्रीय संगठन मंत्री, सुरेंद्र शर्मा कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष, अक्षय चौधरी को जिलाध्यक्ष, पूरण सिंह को खानपुर ब्लॉक अध्यक्ष, संजीव सैनी को लक्सर ब्लॉक अध्यक्ष, जगपाल शर्मा को नारसन ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष सोमदत्त शर्मा ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन किसान, मजदूर और छोटे व्यापारियों का संगठन है। उनकी हर समस्या के समाधान के लिए आवाज उठाने को यूनियन तैयार खड़ी है। उन्होंने कहा कि आजकल तेजी के साथ बाग, खेत विलुप्त होते जा रहे हैं। इसके पीछे सबसे बड़ा कारण ये है कि भू-माफिया कृषि भूमियों पर कॉलोनियां काट रहे हैं। एक किसान मजदूरी में जमीन बेच देता है, जिसका फायदा उठाते हुए माफिया कालोनियां काट देते हैं। बाद में बराबर वाले किसान को भी परेशान किया जाता है जिससे वह अपनी भूमि उन्हें बेच दे। उसे जमीन बेचने के लिए मजबूर कर दिया जाता है। कहा कि इस पर रोक लगाने के लिए पूर्व में भी कई बार ज्ञापन दिए जा चुके हैं। अगर अंकुश नहीं लगाया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। जल्द ही इस मामले में राष्ट्रपति से भी यूनियन मुलाकात करेगी। इसके लिए राष्ट्रपति से समय मांगा गया है। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अक्षय चौधरी ने पदाधिकारियों का आभार जताते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें दी गई है उसका पूरी निष्ठा से पालन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों को फसलों का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। आज किसान अपनी बेहद परेशान हैं। बारिश से गेहूं आदि की फसले खराब होने से भारी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं के लिए आवाज बुलंद की जाएगी। किसानों की अनदेखी बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

किसान सम्मेलन में राष्ट्रीय प्रवक्ता अरुण शर्मा, नरेश शर्मा, आशु चौधरी, नरेश चौहान, रमेश चौहान, इरफान, इरशाद, विपुल चौधरी, मधु कांत भारद्वाज, विक्रम चौधरी आरिफ, कमल, फुरकान, नाथीराम सहित बड़ी संख्या में किसान कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सम्मेलन का संचालन अनिल शर्मा ने किया।



## पुलिस टीम ने दबोचा बाइक चोर, चोरी की गई मोटरसाइकिल बरामद

**कनखल(हरिद्वार)।** भैरव मन्दिर कनखल के पास से पल्सर मोटर साईकिल चोरी होने के सम्बन्ध में दिनांक 18.03.2023 को वाहन स्वामी की शिकायत पर थाना कनखल में दर्ज मु0अ0स0 89/2023 धारा 379 भादवि का अनावरण करने में पुलिस टीम सफल रही। गठित पुलिस टीम ने सुरागरसी पतारसी के साथ-साथ घटनास्थल के आसपास स्थापित C.C.T.V. कैमरों की फुटेज एकत्रित कर मुखबिर की सूचना पर दिनांक 07.04.2023 को अभियुक्त को चोरी की गई मोटर साइकिल के साथ बरीवाला बैरागी कैम्प से दबोचा।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1- अमन पुत्र प्रेमचन्द निवासी मौहल्ला सगरावाला जगजीतपुर कनखल

**बरामदगी**

1. मोटरसाइकिल पल्सर

## राजनीतिक परिपक्वता, मिलनसार व्यक्तित्व, सभी धर्म का सम्मान, युवाओं में अच्छी पकड़, सत्ता एवं शासन का अच्छा अनुभव, युवा समाजसेवी शिशिर चौधरी के बारे में पढ़िए

जोगेंद्र मावी (उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो)



**हरिद्वार।** लंबे समय से जनता की सेवा के कार्यों को निष्ठा के साथ करने वाले युवा समाजसेवी शिशिर चौधरी नगर पालिका शिवालिकनगर से चुनाव में किस्मत अजमा सकते हैं। वे समाजसेवा का काम धर्म एवं जातिवाद से दूर रहकर निरंतर कर रहे हैं। उनके समर्थकों की इच्छा है कि वे सक्रिय राजनीति में आए ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का काम अच्छी तरह से कर सकें। यदि वे चुनाव मैदान में उतरे तो उन्हें उनके मिलनसार एवं अच्छे व्यक्तित्व का फायदा मिलेगा।

शिवालिकनगर निवासी युवा समाजसेवी शिशिर चौधरी का नाम सामने आते ही समाजसेवा की तश्वीर सामने आ जाती है। पिछले कई सालों से वे समाजसेवा के कर रहे हैं। समाजसेवी संस्थाओं के साथ शिविरों में उन्होंने विशेष भूमिका निभाते हुए लोगों को समाजसेवा के प्रति प्रेरित करने का काम कर रहे हैं। समाजसेवा के बल पर वे शिशिर चौधरी गरीबों की बस्तियों के मसीहा है। वे बच्चों की पढ़ाई के लिए पाठन सामग्री का वितरण हर साल करते हैं और बच्चों के स्वस्थ रहने के लिए दवाएं भी वितरित कराते हैं। गरीब बस्तियों की जब भी कोई जरूरत होती है तो वे हमेशा आगे खड़े रहते हैं।

कोरोना कार्यकाल में शिशिर चौधरी ने खूब जनसेवा की। जरूरतमंद लोगों को राशन किट उपलब्ध कराई तो भोजन भी वितरण कराया। राशन किट तो उन्होंने घर—घर तक पहुंचाई। सबसे बड़ी यह रही कि कुछ लोग राशन किट देते समय वोटर देखते थे, लेकिन उन्होंने जरूरतमंद की जरूरत देखकर मदद की। लोग उनके कार्यों की तारिफ करते हुए नहीं धकते।

शिशिर चौधरी की एक बड़ी खासियत ये है कि वे जातिवाद और धार्मिक उन्माद की बातों से दूरी बनाकर रखते हैं। वे कहते हैं कि जाति केवल मानव है और उसकी सेवा करना सर्वधर्म है। यदि जरूरतमंद व्यक्ति की सेवा हो गई तो जीवन का सबसे बड़ा उद्दृदेश्य पूरा हो जाता है। उनका मानना है कि एक धर्म की पूजा और दूसरे का अपमान करना व्यक्ति का सबसे बुरा पहलू है।

गरीबों की आर्थिक मदद भी की। लोगों की मदद करते—करते हुए वे लोकप्रिय हो गए। शादी के लिए अनुदान, छात्रवृत्ति, बीमारी के लिए सरकारी सहायता दिलाकर लोगों को आगे बढ़ने का मौका दिला रहे हैं। उनका एक ही सपना है कि क्षेत्र में अच्छी सड़कें हो, ताकि गांवों में आने जाने के लिए कोई दिक्कत नहीं हो। शिक्षा, चिकित्सा के लिए जनता को दूर दराज न जाने पड़े। शिक्षा के लिए अच्छे स्कूल हो, डिग्री कॉलेज जो तो युवा पीढ़ी का खासकर बालिका शिक्षा अच्छी होगी। उन्हें करियर के लिए भटकना न पड़े। क्षेत्र में स्किल शिक्षा के लिए आईटीआई भी खुलवाएंगे। उनके जीवन का एक ही उद्देश्य है कि जनता को सभी सुविधा आसानी से उपलब्ध हो सके। शिशिर का जनसेवा का ध्येय निरंतर विस्तृत होता जा रहा है, वे जनसेवा के लिए अपने आवास में जनसेवा कार्यालय खोलने की तैयारी कर रहे हैं।शिशिर चौधरी की जनसेवा को देखते हुए लोग चाहते हैं कि वे जन प्रतिनिधि बनकर सरकारी योजनाओं को उन तक पहुंचाने का काम करें।

## सीआईएमएस एवं यूआईएचएमटी संस्थान में हुआ युवा संवाद कार्यक्रम

कॉलेज में जी-20 पर कार्यक्रम करने पर दी बधाई

छात्र-छात्राओं को किया प्रतियोगिता आयोजित



उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**देहरादून।** कम्बाइंड इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस एंड रिसर्च कुंआवाला देहरादून में नेहरू युवा केन्द्र देहरादून युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की ओर से जी-20 संबंधित वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सीआईएमएस एंड यूआईएचएमटी ग्रुप ऑफ कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नेहरू युवा केन्द्र देहरादून के जिला युवा अधिकारी एके सिंह ने की तो वहीं कॉलेज के चेयरमैन ललित मोहन जोशी बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर जोशी ने अपने संस्थान में यह कार्यक्रम आयोजित कराने हेतु नेहरू युवा केन्द्र देहरादून का धन्यवाद किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा कि आप बेहद सौभाग्यशाली हैं आपको अपने कॉलेज में ही राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने का अवसर मिला है। वहीं एके सिंह ने कार्यक्रम हेतु स्थान व समय देने के लिए सीआईएमएस कॉलेज का धन्यवाद किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को से कहा कि आप देश के भविष्य हैं हमारे देश का युवा विश्व के समक्ष उत्पन्न हो रही विभिन्न चुनौतियों के निराकरण हेतु क्या सोच रखता है इसके लिए देशभर में युवाओं के बीच वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में सीआईएमएस एंड यूआईएचएमटी ग्रुप कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने भ्रष्ट्राचारए गरीबी उन्मूलनएप्लास्टिक प्रदूषण, जल संरक्षण, जी-20 में भारत की भूमिका जैसे विभिन्न विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता के पुरूष वर्ग में मनोज,हर्ष, कुणाल जोशी, कार्तिक विजयी रहे। तो वहीं महिला वर्ग में हरप्रीत कौर, कृष्णा, दीप्ति,नैंसी रावत व दीक्षा विजयी रहे। कार्यक्रम में संस्थान के प्रबंधक संजय जोशी, प्रशासनिक अधिकारी मेजर ललित सामंत, सेवानिवृत उपप्रधानाचार्य रबीन्द्र कुमार झा, एनएसीसी ऑफिसर मोहित बिष्ट एवं अन्य शिक्षक, कर्मचारीगण व 1000 से अधिक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## ऋषिकेश में पर्यटकों की भीड़ और जीरो जोन में ई-रिक्शों के प्रवेश से यातायात जाम लगा

**ऋषिकेश, (भाषा)।** उत्तराखंड के ऋषिकेश में पर्यटकों की भारी भीड़ और वाहन प्रवेश निषेध क्षेत्र (जीरो जोन) में ई-रिक्शे खड़े होने से शनिवार को लगातार दूसरे दिन भीषण जाम लग गया जिससे लोगों को परेशानी हुई। लगभग एक किलोमीटर लंबे जीरो जोन में किसी भी वाहन को घुसने की अनुमति नहीं है। यह क्षेत्र नगरपालिका भवन से चंद्रभागा पुल तक फैला हुआ है।

लक्ष्मण झूला क्षेत्र के एक दुकानदार ने कहा कि शहर में शुक्रवार को सप्ताहांत शुरू होने के साथ ही ऐसा ही नजारा देखने को मिला, लेकिन आज स्थिति और भी खराब है। बृहस्पतिवार को प्रशासन व परिवहन विभाग की बैठक के बाद जीरो जोन में ई-रिक्शा के प्रवेश पर रोक लगा दी गई। हालांकि, शनिवार को बड़ी संख्या में पर्यटकों के यहां पहुंचने पर लगभग।,500 ई-रिक्शा जीरो जोन में प्रवेश कर गए, जिससे ऋषिकेश से शिवपुरी तक यातायात जाम लग गया। इसका असर नीलकंठ और लक्ष्मण झूला इलाकों में भी देखा गया जहां वाहन बेहद धीमी गति से चल रहे थे। पुलिस अधीक्षक देहरादून (ग्रामीण) कमलेश उपाध्याय ने कहा कि जीरो जोन में ई-रिक्शा के प्रवेश पर प्रतिबंध को कड़ाई से लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रतिबंध का उल्लंघन करने वाले ई-रिक्शा संचालकों पर जुर्माना लगाया जाएगा। अधिकारी ने कहा, "हमने शुक्रवार को 35 ई-रिक्शा चालकों पर जीरो जोन में प्रवेश करने पर जुर्माना लगाया। यदि वे प्रतिबंध का उल्लंघन करते हैं तो उन पर आज फिर से जुर्माना लगाया जाएगा।

# सरसों, सोयाबीन, बिनौला में गिरावट, मूंगफली, सीपीओ, पामोलीन पूर्ववत




**नई दिल्ली, (भाषा)।** देश में सूरजमुखी और सोयाबीन जैसे सस्ते आयातित तेलों की भरमार होने के बीच मांग कमजोर रहने से दिल्ली तेल- तिलहन बाजार में शनिवार को तेल-तिलहन कीमतों में गिरावट का रुख रहा और सरसों एवं सोयाबीन तेल तिलहन तथा बिनौला तेल कीमतों में मामूली गिरावट आई।

दूसरी ओर सामान्य कारोबार के बीच मूंगफली तेल तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) और पामोलीन के भाव पूर्वस्तर पर बंद हुए। बाजार सूत्रों के मुताबिक, विदेशी बाजार शनिवार को बंद थे। शिकॉगो एक्सचेंज शुक्रवार को बंद था। सोमवार को बाजार खुलने के बाद ही आगे का रुख पता लगेगा। सूत्रों ने कहा कि पिछले साल सरसों का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 5,050 रुपए प्रति क्विंटल था और उस साल किसानों ने सरसों की अच्छी पैदावार भी की थी। इसके बावजूद उन्हें 6,500-7,000 रुपए प्रति क्विंटल का ऊंचा दाम मिला था। इससे उत्साहित होकर उन्होंने इस साल भी भारी मात्रा में उत्पादन किया है लेकिन सूरजमुखी और सोयाबीन तेल के शुल्क-मुक्त आयात की छूट होने और विदेशों में इन तेलों के दाम टूटने से सरसों का बाजार में खपना दूभर हो गया है। देश के बंदरगाहों पर सूरजमुखी तेल का थोक भाव 80 रुपए प्रति लीटर है।

जबकि सरसों तेल की लागत लगभग 125 रुपए प्रति लीटर है। लेकिन सूरजमुखी तेल खुदरा बाजार में प्रीमियम पर बेचे जाने के कारण 130-140 रुपए प्रति लीटर के भाव पर मिल रहा है। सूत्रों ने कहा कि सूरजमुखी तेल के आयात का दाम 1,450 डॉलर प्रति टन था तो उस पर 38.5 प्रतिशत का आयात शुल्क लागू था। कुछ दिनों बाद सूरजमुखी तेल का दाम 2,500 डॉलर प्रति टन होने पर सरकार ने शुल्क-मुक्त आयात की छूट दे दी थी। इसी तेल का दाम 1,050 डॉलर प्रति टन रह गया है तो उस पर अप्रैल से 5.5 प्रतिशत आयात शुल्क लगा दिया गया है। सूत्रों के मुताबिक, सरकार को अपने देशी तेल तिलहनों का बाजार विकसित करने के लिए देशी तेल तिलहनों की खपत को प्राथमिकता देकर उसी के अनुरूप शुल्कों को निर्धारित करना होगा। ऐसा नहीं होने पर खाद्य तेल के मामले में आत्मनिर्भरता हासिल करना एक सपना ही रह जाएगा।

# फॉक्स वैगन वर्टस को 5-स्टार की रेटिंग

## जीएनसीएपी के इतिहास में अब तक का सर्वश्रेष्ठ परिणाम हासिल



**नई दिल्ली।** फॉक्सवैगन वर्टस ने जीएनसीएपी के इतिहास में अब तक का सर्वश्रेष्ठ परिणाम हासिल कियाए 5-स्टार सुरक्षा रेटिंग मिली है। जीएनसीएपी के इतिहास में अब तक के सर्वश्रेष्ठ परिणाम के रूप में वर्टस को प्राप्त यह सुरक्षा रेटिंग ब्रांड फॉक्सवैगन के असली डीएनए का प्रमाण है। फॉक्सवैगन वर्टस को ग्लोबल एनसीएपी के नए और अधिक कड़े क्रैश टेस्ट प्रोटोकॉल के तहत व्यस्क और बच्चों की सुरक्षा के लिए फाइव स्टार दिया गया है, जिससे यह भारत की सबसे सुरक्षित सेडान में से एक बन गई है। सर्वोत्तम जर्मन इंजीनियरिंग, गुणवत्ता के उच्चतम मानकों और 40 सक्रिय एवं निष्क्रिय सुरक्षा सुविधाओं से लैस, फॉक्सवैगन वर्टस देश में वाहनों के सबसे सुरक्षित पोर्टफोलियो का गठन करने के लिए वोक्सवैगन टैगुन में शामिल हो गया।

ब्रांड का शिवग बाय सेफ्टीश सिद्धांत विश्व स्तरीय मानकों और प्रावधानों के अनुरूप है जो किसी भी फॉक्सवैगन में बैठे सभी की सुरक्षा सुनिश्चित करता है। 2022-23 में भारतीय ऑटोमोटिव प्रकाशनों से 12 से अधिक पुरस्कार हासिल करने के साथ, शानदार और दमदार वर्टस सेगमेंट में सबसे अधिक सम्मानित सेडान है। फॉक्स वैगन पैसेंजर कार्स इंडिया ने आज नवीनतम और अधिक कठोर ग्लोबल एनसीएपी परीक्षण प्रोटोकॉल के तहत वर्टस के लिए पांच सितारा क्रैश टेस्ट परिणाम हासिल करने की घोषणा की। यह रेटिंग सुरक्षा के लिए मिली है।

# आ गए एसर के टीवी, फ्रिज और एसी

**नई दिल्ली।** इंडकल टेक्नोलॉजीज ने भारत में एसर के बड़े घरेलू उपकरणों की बहुप्रतीक्षित रेंज के लांच की आज घोषणा की, जिसमें प्रीमियम एयर कंडीशनर, वॉशिंग मशीन के साथ ही डब्ल्यू सीरीज क्यूएलईडी स्मार्ट टीवी मॉडल और 65 इंच तथा 75 इंच के दो बड़े साइज के टीवी के शामिल हैं। कंपनी ने कहा कि एयरकंडीशनर और वॉशिंग मशीनों की नई रेंज ऑनलाइन के साथ ऑफलाइन बाजार में भी उपलब्ध होगी। एसर के बड़े घरेलू उपकरणों की आगामी रेंज दो सीरीज क्वाड और हेलो में उपलब्ध होगी। क्वाड सीरीज के एयर कंडीशनर और वॉशिंग मशीन तरह-तरह के फीचर से लैस होंगे और यह किफायती दाम पर मिलेंगे, जबकि हेलो सीरीज के एयर कंडीशनर और वॉशिंग मशीन उन उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा करेंगे जो प्रीमियम फीचर और सर्विसेज के साथ श्रेष्ठ उत्पाद की तलाश में रहते हैं। एयर कंडीशनर 1.0 टन, 1.5 टन और 2.0 टन के तीन स्प्लिट वैरिएंट में क्वॉड और हेलो सीरीज में उपलब्ध होंगे। इसमें सुपर चिल मोड, इनवर्टरटेक, 4-वे कन्वर्टिबल, एआई सेंस और कई बेहतरीन फीचर होंगे। स्प्लिट एसी विशेष तौर पर सीमित समय के लिए 27,999 रुपए की लांच कीमत में उपलब्ध होंगे।





# यूपीआई पर अब प्री सेंक्शंड क्रेडिट लाइन

**मुंबई।** रिजर्व बैंक ने यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) के माध्यम से बैंकों में प्री सेंक्शंड क्रेडिट लाइन के संचालन की अनुमति दी है। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की तीन दिवसीय बैठक के बाद गवर्नर शक्तिकांत दास ने बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए यह घोषणा की।

उन्होंने कहा कि बैंकों में प्री सेंक्शंड क्रेडिट लाइन के संचालन की अनुमति देकर यूपीआई का दायरा बढ़ाया जाएगा। इससे नवाचार को बढ़ावा मिलेगा और ग्राहकों को क्रेडिट तक पहुंच बढ़ेगी। इसके बारे में विस्तृत जानकारी बाद में जारी की जाएगी। यूपीआई ने रिटेल भुगतान के परिदृष्य को बदला है और अब तक उसमें कई नए फीचर जोड़े जा चुके हैं। इसी क्रम में यह प्री सेंक्शंड क्रेडिट लाइन को जोडने की तैयारी है।

# देश में सात लाख टन गेहूं की खरीद



**नई दिल्ली** – भारतीय खाद्य निगम ने गुरुवार शाम तक सात लाख टन गेहूं की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद की है जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में पांच लाख टन अधिक है। निगम के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक अशोक कुमार मीणा ने रोलर फ्लोर मिलर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की गेहूं उत्पादन के आंकड़े जारी करने को लेकर आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि गत वर्ष इसी समय तक दो लाख टन गेहूं की खरीद की गई थी। गेहूं की खरीद की शुरुआत बहुत अच्छी है। उन्होंने कहा कि पिछले साल की तुलना में इस बार अधिक क्षेत्र में गेहूं की फसल लगाई गई है और इस बार बरसात तथा ओला वृष्टि के बावजूद पैदावार अच्छी होने की उम्मीद है।

मीणा ने कहा कि इस बार निगम के 342 लाख टन गेहूं की खरीद करने की योजना है। इस वर्ष एक अप्रैल को 84 लाख टन गेहूं का भंडार था जो बफर स्टाक से काफी अधिक था। उन्होंने कहा कि इस बार देश में पर्याप्त मात्रा में गेहूं उपलब्ध रहेगा, जिससे इसके मूल्य के स्थिर रहने की आशा है। उन्होंने कहा कि देश में गेहूं खरीद के लिए पर्याप्त संख्या में केन्द्र खोले गये हैं और इसके लिए पहले से ही आवश्यक कदम उठाये गये हैं। वर्षा और ओला वृष्टि के बावजूद कुछ राज्यों में गेहूं की बम्पर पैदावार होने की उम्मीद है।

# बटलर और जायसवाल के अर्धशतक के बाद बोल्ट के झटकों से राजस्थान जीता



**गुवाहाटी।** सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और जोस बटलर के अर्धशतकों के बाद ट्रेंट बोल्ट (29 रन देकर तीन विकेट) के पहले ओवर में दो झटकों से राजस्थान रॉयल्स ने शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 57 रन से करारी शिकस्त दी। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद जायसवाल (60 रन) और बटलर (79 रन) ने शानदार लय जारी रखते हुए 51 गेंद में 98 रन की साझेदारी निभाई जिससे राजस्थान रॉयल्स ने चार विकेट पर 199 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया।

ट्रेंट बोल्ट (चार ओवर में एक मेडन) के पहले ही ओवर में दो झटकों से पस्त हुई दिल्ली कैपिटल्स कप्तान डेविड वॉर्नर (65 रन) के अर्धशतक के बावजूद निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 142 रन ही बना सकी। दिल्ली कैपिटल्स को फिर बल्लेबाजों ने निराश किया जिसके कारण उसे लगातार तीसरी शिकस्त का सामना करना पड़ा। जायसवाल ने 31 गेंद की दर्शनीय पारी के दौरान 11 चौके और एक छक्का जड़ा जबकि बटलर ने 51 गेंद में 11 चौके और एक छक्का लगाया। वहीं राजस्थान के लिए शिमरोन हेटमायर ने जीवनदान का पूरा फायदा उठाते हुए आखिर में 21 गेंद में एक चौके और दो छक्के से नाबाद 39 रन बनाए। इसमें से दो छक्के अंतिम ओवर में जड़े थे। राजस्थान रॉयल्स के लिए बोल्ट के अलावा स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने 25 रन देकर दो विकेट झटके जबकि युजवेंद्र चहल ने 27 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। संदीप शर्मा को भी एक विकेट मिला। दिल्ली कैपिटल्स के इम्पैक्ट प्लेयर पृथ्वी साव और मनीष पांडे खाता भी नहीं खोल सके जो पहले ओवर में बोल्ट को शिकार बने जबकि टीम ने पावरप्ले में राइल रूसो (14 रन) का विकेट भी गंवा दिया।

फिर सलामी बल्लेबाज वॉर्नर (55 गेंद, सात चौके) और ललित यादव (38 रन) ने मिलकर चौथे विकेट के लिए 46 गेंद में 68 रन की भागीदारी निभाकर पारी को संभालने की कोशिश की। लेकिन बोल्ट ने दिल्ली की इस महत्वपूर्ण साझेदारी का अंत किया। ललित यादव ने बोल्ट पर चौका लगाकर टीम के 100 रन पूरे कराए और अगली ही गेंद पर बोल्ड हो गए। वॉर्नर ने इस दौरान आईपीएल में 6000 रन पूरे किए। अक्षर पटेल और रोवमैन पॉवेल के विकेट जल्दी गिरने का दबाव वॉर्नर पर दिख रहा था जो 44 गेंद में अर्धशतक बनाने के बावजूद भी तेजी से रन नहीं बना सके। टीम के लिए रूसो ही एक अन्य खिलाड़ी रहे जो दोहरे अंक तक पहुंच सके। इससे पहले जायसवाल ने कमाल की बल्लेबाजी करते हुए पहले ही ओवर में खलील अहमद (दो ओवर में 31 रन) पांच चौके जड़कर टीम को धुआंधार शुरुआत कराई जिससे यह इस आईपीएल का सबसे मंहगा पहला ओवर भी रहा। अंगुली में टांके के बावजूद खेल रहे बटलर ने दूसरे ओवर में तीन चौके जड़े जिससे दो ओवर में आठ चौके लग चुके थे। राजस्थान रॉयल्स ने रनों का पचासा चार ओवर में पूरा कर लिया जिसमें से 40 रन चौकों (10) से ही बने।

# महिला हॉकी टीम के शिविर के लिए 35 संभावितों का चयन



**बेंगलुरू।** हॉकी इंडिया ने मई में होने वाले आस्ट्रेलिया दौरे से पहले राष्ट्रीय टीम के शिविर के लिए 35 संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की है जिसमें पूर्व कप्तान रानी रामपाल को जगह नहीं दी गई है। महिला टीम की मुख्य कोच यानेके शॉपमैन ने कहा कि शिविर नौ अप्रैल से 13 मई तक चलेगा जिसके बाद आस्ट्रेलिया दौरा होना है।

तोक्यो ओलंपिक में रानी की कप्तानी में भारतीय टीम ऐतिहासिक चौथे स्थान पर रही थी। उसके बाद से चोटों के कारण रानी टीम से बाहर है। उन्हें इस साल की शुरूआत में दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए टीम में चुना गया था। रानी ने पिछले साल एफआईएच महिला प्रो लीग में बेल्जियम के खिलाफ खेला जो उनका 250वां अंतरराष्ट्रीय मैच था। उन्होंने हॉकी इंडिया द्वारा जारी बयान में कहा, पिछले शिविर के बाद हमने व्यक्तिगत खेल पर फोकस किया ताकि उसमें सुधार आ सके। अब हम टीम खेल और तकनीक पर ध्यान देंगे। आस्ट्रेलिया दौरे के बाद हमें पता चलेगा कि शीर्ष टीमों के खिलाफ हम कहां ठहरते हैं।

**संभावित खिलाड़ी:**

**गोलकीपर:** सविता, रजनी ई, बिछू देवी खारीबाम, बंसारी सोलंकी


**डिफेंडर:** दीप ग्रेस इक्का, गुरजीत कौर, निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, अक्षता अबासो डी, ज्योति छत्री, महिमा चौधरी

**मिडफील्डर:** निशा, सलीमा टेटे, सुशीला चानू, ज्योति, नवजोत कौर, मोनिका, मरियाना कुजूर, सोनिका, नेहा, बलजीत कौर, रीना खोखार, वैष्णवी फाल्के, अजमिना कुजूर।

**फॉरवर्ड:** लालरेम्सियामी, नवनीत कौर, वंदना कटारिया, शर्मिला देवी, दीपिका, संगीता कुमारी, मुमताज खान, सुनेलिता टोप्पो।

## अतंरराष्ट्रीय

# चीन के स्वास्थ्य अधिकारियों ने डब्ल्यूएचओ पर साधा निशाना, वायरस की खोज का बचाव किया




**बीजिंग।** चीनी स्वास्थ्य अधिकारियों ने कोविड-19 वायरस के स्रोत की अपनी खोज का बचाव किया और विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के प्रमुख के इस बयान पर शनिवार को संगठन की आलोचना की कि बीजिंग को आनुवांशिक जानकारी पहले ही साझा करनी चाहिए थी।

चाइनीज सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के निदेशक शेन होंगबिंग ने कहा कि डब्ल्यूएचओ की टिप्पणियां घृणास्पद और अपमानजनक थीं। वैश्विक स्वास्थ्य निकाय के महानिदेशक, डॉ. टेड्रोस अधनोम घेब्रेयसस ने 17 मार्च को कहा था कि मध्य चीन के वुहान में कोरोना वायरस की आनुवंशिक जानकारी का जो खुलासा अब किया गया है, उसे तीन साल पहले किया जाना चाहिए था। वुहान में ही 2019 के अंत में कोविड-19 के पहले मामले का पता चला था। शेन ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'एक जिम्मेदार देश के रूप में और वैज्ञानिकों के रूप में, हमने हमेशा दुनिया भर के वैज्ञानिकों के साथ शोध के परिणामों को सक्रिय रूप से साझा किया है।' कोविड-19 की उत्पत्ति अब भी बहस का विषय है और कड़वे राजनीतिक विवाद का केंद्र बिंदु है। चीनी अधिकारियों ने बार-बार कहा है कि कोरोना वायरस अमेरिका द्वारा तैयार किया गया और चीन भेजा गया। चीन की सरकार ने यह भी कहा है कि चीन में यह वायरस डाक या खाद्यान्नों की खेप के जरिए प्रवेश कराया गया हो, हालांकि विदेशी वैज्ञानिकों को इस दावे के समर्थन में कोई साक्ष्य नहीं दिख रहा है। शेन ने कहा कि कोविड-19 का स्रोत अभी तक नहीं मिला है, लेकिन उन्होंने कहा कि एड्स वायरस की पहचान करने में कई साल लग गए और इसकी उत्पत्ति अब भी स्पष्ट नहीं है।

# ताइवानी राष्ट्रपति की अमेरिका यात्रा से बिदके चीन ने ताइवान की ओर लड़ाकू विमान भेजे

**बीजिंग।** ताइवान की राष्ट्रपति साई इंग-वेन की हालिया अमेरिका यात्रा से बिदके चीन ने शनिवार को ताइवान जलडमरूमध्य की तरफ युद्धपोत और दर्जनों लड़ाकू विमान भेजे। ताइवान की सरकार ने यह जानकारी दी। चीन ने यह कदम वेन और अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष केविन मैक्कार्थी के बीच हुई मुलाकात से नाराज होकर उठाया है। चीन दावा करता है कि ताइवान उसका हिस्सा है। चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ने कहा कि लड़ाकू तैयारी से संबंधित तीन दिवसीय गश्त की शुरुआत ताइवान के लोगों को चेतावनी के तौर पर की गई है।



पीएलए ने यह संकेत नहीं दिया है कि वह इस गश्त में पिछले अभ्यास की तरह प्रक्षेपास्त्रों को शामिल करेगी या नहीं। उस अभ्यास की वजह से क्षेत्र में समुद्री और हवाई परिवहन प्रभावित हुआ था। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष मैक्कार्थी ने बृहस्पतिवार को कैलिफोर्निया में ताइवानी राष्ट्रपति वेन के साथ बातचीत की थी। इसी के साथ वह उन विदेशी जनप्रनिधियों में शामिल हो गए थे, जो चीन की धमकी के बीच वेन से मिले। बीजिंग ने मैक्कार्थी और वेन की मुलाकात के बाद शुक्रवार को ताइवानी राष्ट्रपति के अमेरिका दौरे से जुड़े अमेरिकी समूहों और व्यक्तियों के खिलाफ यात्रा एवं वित्तीय प्रतिबंध लगाने की घोषणा की थी। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि ताइवान के पास शनिवार को आठ युद्धपोत और 71 विमान देखे गए, जिनमें से 45 ने जलडमरूमध्य की मध्य रेखा को पार किया। यह रेखा ताइवान और चीन को अलग करती है। मंत्रालय के अनुसार, इनमें चेंगदू जे-10, शेनयांग जे-11 और शेनयांग जे-16 जेट लड़ाकू विमान शामिल हैं।

स्थानीय समुद्री प्राधिकरण ने घोषणा की कि नौसेना ने शनिवार को भी ताइवान के सामने फुजियान प्रांत में लुओयुआन बे में लाइव फायर ट्रेनिंग आयोजित करने की योजना बनाई। इस दौरान जहाजों के आवागमन पर प्रतिबंध लगा दिया गया। पीएलए ने एक बयान में कहा, यह ताइवान की अलगाववादी ताकतों और बाहरी ताकतों के बीच मिलीभगत और उकसावे के खिलाफ एक गंभीर चेतावनी है। ज्वाइंट स्वोर्ड अभ्यास राष्ट्रीय संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए जरूरी है। वहीं, ताइवान की सेना ने कहा कि मिसाइल रक्षा प्रणाली को सक्रिय कर दिया गया है और चीनी विमानों का पता लगाने के लिए हवाई और समुद्री गश्ती दल भेजे गए हैं।

ताइवान गृह युद्ध के बाद 1949 में चीन से अलग हो गया था। चीन इस द्वीप पर दावा जताता है और इसे मुख्य भूमि से जोड़ने की बात करता है, भले ही इसके लिए बल का इस्तेमाल क्यों न करना पड़े। पीएलए के एक बयान में कहा गया है।

उत्तराखंड प्रहरी छोटी खबरें




## चक्रव्यूह तोड़ स्मैक तस्कर तक पहुंची हरिद्वार पुलिस

**रानीपुर(हरिद्वार)।** मुख्यमंत्री उत्तराखंड के 'ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन 2025' अभियान को सार्थक बनाने हेतु एसएसपी अजय सिंह के निर्देशों पर काम कर हरिद्वार पुलिस ने स्मैक तस्कर गिरोह का भंडाफोड करते हुए दिनांक 08-04-2023 को गिरोह के सरगना पंकज कुमार को पथरी पावर हाउस से 25.10 ग्राम अवैध स्मैक व इलेक्ट्रिक तराजू के साथ दबोचने में सफलता हासिल की। पिछले कुछ समय से सूचना मिल रही थी कि अभियुक्त पंकज अपने साथियों के साथ मिलकर जेकेटी बॉर्डर, कृपाल नगर एवं रामधाम के इलाकों में सक्रिय रूप से नशे की तस्करी कर रहा है। मासूम लड़कों का अपना शिकार बना रहा अभियुक्त जेकेटी बॉर्डर के पास रहने वाले लोगों एवं रिक्शा चालकों को पुलिस की आवाजाही की सूचना देने के लिए 300/- प्रतिदिन पेमेंट करता था। लगातार कई कोशिश करने के पश्चात पुलिस टीम ने आखिरकार इस नेटवर्क के मास्टरमाइंड पंकज को दबोचा। नेटवर्क से जुड़े अन्य सदस्यों की कुण्डली तैयार करने का काम जारी है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**
1- पंकज कुमार पुत्र राजेंद्र निवासी रावली महदूद सिडकुल

**बरामद माल**
1- 25.10 ग्राम स्मैक (बाजार मुल्य करीब 2.50 लाख
इलेक्ट्रिक तराजू

**पुलिस टीम**
1- SI अर्जुन कुमार
2- HC कुंदन सिंह
3- C यशवंत

## महाराष्ट्र : झील में डूबने से दो स्कूली बच्चों की मौत

**कोल्हापुर, सतारा,(वार्ता)।** महाराष्ट्र के सतारा जिले के गवड़ी गांव में शाम के समय दो स्कूली बच्चों की झील में डूबने से मौत हो गयी। पुलिस के अनुसार, दो स्कूली बच्चे जिनकी पहचान गावड़ी गांव निवासी स्वराज सतीश घोरपड़े (11) और सोहन संतोष घाडगे (10) के रूप में हुई है। ये गांव के बाहर सरखल झील में अपने दोस्तों के साथ तैरने गए थे। गहरे पानी में जाने के बाद दोनों डूब गए। दोस्त सूचना पर उनके परिजन जो मौके पर पहुंचे। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों की मदद से शवों को बाहर निकाला।

## चलती आरटीवी बस में यात्रियों से कथित तौर पर लूटपाट

**नयी दिल्ली, (वार्ता)।** दिल्ली के आनंद विहार रेलवे स्टेशन के पास एक आरटीवी बस में करीब 16 यात्रियों को गंतव्य पर छोड़ने के बहाने कथित तौर पर अगवा कर बीच रास्ते में ही लूट लिया गया। शास्त्री पार्क थाने में दर्ज प्राथमिकी के मुताबिक, आरटीवी बस में सवार चार लोगों ने आनंद विहार रेलवे स्टेशन के बाहर यात्रियों से झूठा वादा किया और उन्हें बस के अंदर बिठा लिया। यात्रियों के बस में चढ़ते ही उन्हें पता चला कि ये चारों लोग सभी दिशाओं के यात्रियों को उठा रहे थे, लेकिन बस में लिखा था कि इसका आनंद विहार से पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन तक का रूट परमिट है प्राथमिकी के अनुसार, जब यात्रियों ने इस मुद्दे को उठाया, तो इन लोगों ने कथित तौर पर उन्हें बंधक बना लिया और उनका कीमती सामान लूट लिया। तभी राहगीर मदद के लिए चिल्लाने लगे, जिसे देख शास्त्री पार्क इलाके के पास ड्यूटी पर तैनात कुछ पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे और आरटीवी को रोक लिया।

# राहुल गांधी के राजनीतिक करियर को चमकाने के लिए उठाया जा रहा है अडाणी मुद्दा: रीजीजू

**जम्मू, (भाषा)।** केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रीजीजू ने शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह (गांधी) राजनीतिक रूप से विफल हो गए हैं और दावा किया कि उनके राजनीतिक करियर को चमकाने के लिए अडाणी मुद्दा जानबूझकर उठाया जा रहा है। रीजीजू ने कांग्रेस पर न्यायपालिका को कमजोर करने का भी आरोप लगाया और कहा कि यदि विपक्षी दल न्यायपालिका पर हमला करके संविधान की धज्जियां उड़ाने की कोशिश करता है, तो हम चुप नहीं बैठेंगे।

रीजीजू ने यहां जम्मू विश्वविद्यालय में एक कार्यक्रम के दौरान संवाददाताओं से कहा, मैं इस पर (हिंडनबर्ग-अडाणी मुद्दे पर) कोई टिप्पणी नहीं करूंगा, क्योंकि उच्चतम न्यायालय पहले ही एक समिति का गठन कर चुका है और इस पर विचार कर रहा है, लेकिन मैं (इतना जरूर) कहना चाहता हूं कि यह सब राहुल गांधी के राजनीतिक करियर को चमकाने के लिए किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि इसे जानबूझकर एक मुद्दा बनाया जा रहा है। भाजपा के



वरिष्ठ नेता ने कहा, देश संविधान और कानून से चलता है। एक व्यक्ति राजनीतिक रूप से विफल हो चुका है और वे विवाद खड़े करने की कोशिश कर रहे हैं, उनके करियर को चमकाने के लिए इसे मुद्दा बना रहे हैं।

रीजीजू डोगरी भाषा में भारत के संविधान के पहले संस्करण का विमोचन करने के लिए यहां आए थे। वर्ष 2019 के आपराधिक मानहानि के एक मामले में गांधी को दोषी ठहराने वाले सूरत के न्यायाधीश की जीभ काटने की कांग्रेस के एक नेता की कथित धमकी के बारे में पूछे जाने पर रीजीजू ने कहा, कांग्रेस हताशा में है और न्यायपालिका पर हमले कर रही है, लेकिन सरकार चुप नहीं बैठेगी। गांधी को मोदी उपनाम संबंधी उनकी टिप्पणी को लेकर दोषी ठहराए जाने और दो साल की सजा दिए जाने के बाद पिछले महीने लोकसभा की सदस्यता के अयोग्य ठहरा दिया गया था।

कानून मंत्री ने आरोप लगाया, (न्यायपालिका को धमकियां देना) कांग्रेस की आदत है। वर्ष 1975 में आपातकाल लागू होने से पहले भी इसके नेताओं ने न्यायपालिका पर हमला किया था और वे अपनी हताशा के कारण और हमले करेंगे। रीजीजू ने कहा, हम संविधान को मानने वाले लोग हैं और अगर वे संविधान की धज्जियां उड़ाने की कोशिश करते हैं तो हम चुप नहीं रहेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सही कहा है कि वंशवादी राजनीति से जुड़ा व्यक्ति खतरे में है, लोकतंत्र नहीं। ब्रिटेन में गांधी की हालिया टिप्पणी को लेकर उनपर निशाना साधते हुए शाह ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश में कहा था कि खतरे में लोकतंत्र नहीं, बल्कि आपका परिवार और वंशवाद की राजनीति का विचार खतरे में है।

## अहमदाबाद से पालनपुर, वलसाड के लिए नौ अप्रैल को परीक्षा स्पेशल ट्रेनें

**अहमदाबाद (वार्ता)।** गुजरात पंचायत सेवा सेलेक्शन बोर्ड – गुजरात सरकार द्वारा नौ अप्रैल रविवार को विभिन्न स्थानों पर 'जुनियर कलर्क' की परीक्षा आयोजित की जा रही है। इस परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए नौ अप्रैल को पश्चिम रेलवे ने गुजरात में अहमदाबाद से पालनपुर और वलसाड के लिए 'परीक्षा स्पेशल' ट्रेनों का संचालन करने का निर्णय लिया है। मण्डल रेल प्रवक्ता के अनुसार इन स्पेशल ट्रेनों का विवरण इस प्रकार है। अहमदाबाद-पालनपुर परीक्षा स्पेशल ट्रेन: अहमदाबाद-पालनपुर परीक्षा स्पेशल नौ अप्रैल को अहमदाबाद से 16.00 बजे चलकर 19.00 बजे पालनपुर पहुंचेगी मार्ग में यह ट्रेन साबरमती, कलोल, आंबलियासन, महेसाणा, उंझा, सिद्धपुर एवं छापी स्टेशनों पर रुकेगी। अहमदाबाद-वलसाड परीक्षा स्पेशल ट्रेन: अहमदाबाद-वलसाड परीक्षा स्पेशल नौ अप्रैल को अहमदाबाद से 16.00 बजे चलकर 21.15 बजे वलसाड पहुंचेगी मार्ग में यह ट्रेन मणिनगर, वटवा, बारेजड़ी, महेमदाबाद खेड़ारोड, नडियाद, आणंद, वडोदरा, मियागाम कर्जन, पालेज, भरूच, अंकलेश्वर, कोसंबा, कीम एवं सूरत स्टेशनों पर रुकेगी।

## भाजपा की हुई बैठक संपन्न, अगामी कार्यक्रम की योजना हुई तैयार

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो




**हरिद्वार।** शनिवार को जिला भाजपा कार्यालय हरिद्वार पर बूथ सशक्तिकरण अभियान एवं पार्टी के आगामी कार्यक्रमों को लेकर जिला पदाधिकारियों मंडल अध्यक्ष एवं मंडल प्रभारियों के बैठक कर कार्ययोजना बनाई गई। पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष संदीप गोयल ने बताया कि 06 अप्रैल पार्टी स्थापना दिवस से प्रारंभ होकर 14 अप्रैल भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती तक सामाजिक न्याय सप्ताह के अंतर्गत प्रतिदिन विभिन्न विभिन्न मोर्चों के द्वारा कार्यक्रम किया जाना सुनिश्चित हुआ है आगामी 11 अप्रैल को ओबीसी मोर्चा द्वारा महान समाज सुधारक एवं चिंतक महात्मा ज्योतिबा फूले की जन्म जयंती मनाई जाएगी इस अवसर पर सभी भाजपा पदाधिकारी उनकी प्रतिमा एवं चित्र पर पुष्पांजलि कर उनके दिए गए विचारों को एक गोष्ठी के माध्यम से आम जनमानस तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। अनुसूचित मोर्चा द्वारा 14 अप्रैल को भारत रत्न एवं संविधान निर्माता डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की जयंती के अवसर पर सभी जिला एवं मंडल स्तर पर बाबा साहब का चित्र लगाकर पुष्पांजली का कार्यक्रम करेंगे तथा बाबासाहेब आंबेडकर का व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर व्याख्यान के कार्यक्रम आयोजित करेंगे कार्यक्रम में समाज के अनुसूचित जाति के प्रबुद्ध जनों एवं सर्व समाज के लोगों को सादर आमंत्रित किया जाए। आज उत्तराखंड में विकास की नई परिभाषा लिखी जा रही है डबल इंजन सरकार राज्य के सर्वांगीण विकास के नित नए आयाम स्थापित कर रही है देश के प्रधानमंत्री के सबका साथ सबका विकास के मंत्र को चरितार्थ करते हुए राज्य के सभी वर्गों का सतत विकास राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता बन गई है हमें सरकार की उपलब्धियों को बूथ स्तर तक लेकर जाना है एवं संगठन द्वारा किए गए कार्यों को पूर्ण रूप से बूथ स्तर पर जाकर पूरा करना है। बैठक का संचालन जिला महामंत्री आशु चौधरी ने किया इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष लव शर्मा, रश्मि चौहान, आभा शर्मा, निर्मल सिंह, जिला मंत्री आलोक द्विवेदी, नेत्रपाल चौहान, विशनपाल कश्यप, मोहित वर्मा, सचिन शर्मा, नकली राम सैनी, मंडल अध्यक्ष रीता सैनी, सीमा चौहान, नागेंद्र राणा, हीरा बिष्ट, तरुण नैयर, पवन राठौर, प्रणव यादव, जितेंद्र सैनी, संजय कुमार, एजाज हसन, प्रमोद शर्मा, कमला जोशी, राजीव भट्ट, अशोक मेहता, संजीव पुंडीर, सुमित कुमार, संदीप राठी, पवनदीप कुमार आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# युवा ऊर्जा के लाभ से नंबर वन बनेगा उत्तर प्रदेश :योगी

**गोरखपुर, (वार्ता)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि प्रदेश के युवाओं की ऊर्जा और उनकी प्रतिभा का लाभ अगर उत्तर प्रदेश के अंदर ही मिलना प्रारंभ हो गया तो उत्तर प्रदेश को देश में नंबर वन प्रदेश बनने में देर नहीं लगेगी। मुख्यमंत्री ने गोरखपुर जिले के सहजनवा के भोलाराम मस्करा इंटर कॉलेज मैदान में मल्टी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, एथलेटिक ट्रैक, दर्शकदीर्घा से युक्त ग्रामीण ,मिनी स्टेडियम का भूमि पूजन व शिलान्यास



करने के बाद यहां आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार इसके मद्देनजर सरकार ने ऐसी कार्ययोजना बनाकर कार्य शुरू किया है जिससे अगले तीन साल में एक करोड़ नौजवानों को प्रदेश के अंदर ही निजी क्षेत्र में नौकरी व रोजगार से जोड़ा जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा" हमारे युवा सबकुछ कर सकते हैं। युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने तय किया है कि दो करोड़ युवाओं को टैबलेट. स्मार्टफोन देकर उन्हें तकनीकी रूप से सक्षम बनाया जाएगा। देश आज आगे बढ़ रहा है तो हम अपने को पीछे नहीं रख सकते। हमें भी उसी रफ्तार से आगे बढ़ने के लिए, तैयार रहना होगा। विकास के लिए पैसे की कमी आड़े नहीं आएगी। विकास के लिए जितने पैसों की आवश्यकता पड़ेगी सरकार देगी पर विकास की इस प्रक्रिया से हम सभी लोगों को जुड़ना होगा।" उन्होंने कहा कि तत्कालीन कुछ समस्याएं आ सकती हैं लेकिन इसका भी समाधान होगा। सरकार संवेदनशील होती है तो जनता के बारे में भी सोचती है।

# अखिल भारतीय सनातन परिषद् ने किया पाकिस्तानी हिन्दूओं का स्वागत

## सिन्धु- एवं गंगा का मिलन करा रहे पाकिस्तानी हिन्दू : डॉ बत्रा



उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**हरिद्वार।** शदाणी दरबार के सप्तम पीठाधीश्वर संत राजाराम साहिब की 63 वीं बरसी पर आयोजित महोत्सव में शामिल होने के लिए पाकिस्तान के सिंध प्रांत से 307 हिन्दू श्रद्धालुओं का जत्था शनिवार को हरिद्वार पहुंच गया। शदाणी दरबार में अखिल भारतीय सनातन परिषद की ओर से श्रद्धालुओं का पटका पहनाकर और फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम में श्रद्धालु प्रतिभाग करेंगे।

उत्तरी हरिद्वार में सप्तसरोवर स्थित शदाणी दरबार में संत राजाराम साहिब की 63 वी बरसी पर तीन दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया गया है। शनिवार को कार्यक्रम की शुरुआत हो गई। जिसमें पाकिस्तान सिंध प्रांत से हिंदू श्रद्धालु शदाणी दरबार पहुंचे हैं। शदाणी दरबार के नवम पीठाधीश्वर डॉक्टर संत युधिष्ठिर लाल ने कहा कि पाकिस्तान से हर साल श्रद्धालुओं का जत्था शदाणी दरबार में आता है। पाकिस्तान में स्थित सिंध क्षेत्र में करीब 310

**बरसी महोत्सव में पाकिस्तानी हिन्दू श्रद्धालुओं का जत्था**

**सप्तसरोवर स्थित शदाणी दरबार में तीन दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ**

साल पहले 1708 में स्थापित की गई थी। तब से भारत और पाकिस्तान के सिंध प्रांत के बीच रिश्ता बना हुआ है। अप्रैल में पाक से श्रद्धालुओं का जत्था भारत भ्रमण के लिए आता है। कई बार साल में दो बार भी पाकिस्तानी यात्रियों को भारत की यात्रा कराई जाती है। यह श्रद्धालु पाकिस्तान से सिंधु नदी का जल लेकर भारत आते हैं और यहां गंगाजल में सिंधु नदी के जल को मिलाकर दोनों नदियों का मेल कराते हैं। यह कार्य अपनी संस्कृति को जीवंत करने की दिशा में वर्ष 1976 में हुए इंडो पाक समझौते के बाद से चल रहा है।

अखिल भारतीय सनातन परिषद के अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ सुनील कुमार बत्रा ने कहा कि शदाणी दरबार तीर्थ भारत के श्रद्धालुओं को पाकिस्तान और पाकिस्तान में रह रहे हिंदुओं को भारत भ्रमण कराकर सिंधु को गंगा व गंगा को सिंधु में मिलाने का कार्य कर रहा है ये बेहद ही सराहनीय है। भारतीय संस्कृति के प्रचार प्रसार के साथ ही यह आध्यात्मिक संस्था जनकल्याण के अनेक कार्यों को शदाणी दरबार करता आ रहा है। पाकिस्तानी हिन्दू पाकिस्तान में रह कर सनातन धर्म की अलख निरन्तर जलाये हुए हैं। प्रदेश अध्यक्ष दिनेश कुमार शर्मा ने कहा कि भारतीय सनातन संस्कृति की खासियत ही ये है कि इसके प्रति हर किसी को आकर्षित हो जाता है। वर्षों से शदाणी दरबार भारत और पाक की अध्यात्मिक यात्रा का सेतु बना है। गंगा और सिंधु नदी का मेल करा रहा है। स्वागत करने वालों में अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ सुनील कुमार बत्रा, स्वामी सतीश वन, अविक्षित रमन, महामंत्री पुरषोत्तम शर्मा, सचिव सतीश वन, प्रदेश अध्यक्ष दिनेश कुमार शर्मा, मानवेंद्र सिंह, वासु सिंह आदि शामिल रहे।

# टिहरी गढवाल के ग्राम मलास के चार घरों में चोरी

वेणी राम उनियाल / उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो



**टिहरी।** गांव मलास में दिनांक 04.04.2023 को चार घरों में चोरी की घटना हुई और चार घरों के दरवाजे तोड़ दिए और नगदी तथा अन्य घरेलू सामान की चोरी हो गई। जिन घरों के ताले टूटे और चोरी हुई वे लोग गांव में ही रहते हैं लेकिन कभी स्वास्थ ख़राब होने पर एक दो महीने के लिए अपने बच्चों के पास दिल्ली और गुडगांव में भी जाते हैं इसकी सुचना मिलते ही हम लोगों ने तुरंत ग्राम प्रधान ग्राम सभा नौर को दी। ग्राम प्रधान ने जाजल चौकी को इस वारदात की जानकारी दे दी थी उसकी पुष्टि प्रधान जी द्वारा भी सुनिश्चित कर दी गई थी। जिनके घरों मे यह वारदात हुई उस घटना स्थल पर चौकी प्रभारी जाजल ने अपने ड्यूटी ऑफीसर को भी भेजा और घटना स्थल पर हुई घटना की फोटोज और अन्य जानकारी दर्ज की जिसका विवरण डेली डायरी में भी अंकित है। जिन घरों में यह चोरी हुई उसका विवरण निम्न है ।

- घटना स्थल -ग्राम मलास
- पोस्ट ऑफिस - फाकोट
- जिला टिहरी गढ़वाल
- यह एरिया पुलिस थाना नरेन्द्र नगर जिला टिहरी गढ़वाल के अंतर्गत आता है।

**जिनके घरों में चोरी हुई।**

- गायत्री देवी पत्नी स्व. श्री बिशंबर दत्त ग्राम मलास चोरी की राशि पन्द्रह हजार
- पीताम्बर दत्त पुत्र स्व श्री मोहन लाल ग्राम मलास चोरी की राशि तीस हजार एवम्-अन्य सामान
- प्रकासी देवी पत्नी स्व श्री दयाराम ग्राम मलास चोरी की राशि बीस हजार रूपए एवम्-अन्य सामान ।एक महत्वपूर्ण बात यह भी है कि इसी गांव में तीन साल पहले भी इसी तरह के वारदात को अंजाम दिया गया था।



## आज का राशिफल

उत्तराखंड प्रहरी

**आज के विचार**

**कुर्सी पर बैठकर और नींद में सोते हुए सपने तो हर कोई देख लेता है। पर सफल केवल वही हो सकता है जो प्रयास करता है।**

**मेष : (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
आज का दिन आपको सामाजिक क्षेत्र से मान-सम्मान दिलाएगा। आप भी आज परोपकार में रुचि लेंगे। धार्मिक क्षेत्र पर भी दान पुण्य करने के अवसर मिलेंगे परन्तु दिखावे की वृत्ति भी रहेगी।

**वृष : (ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)**
आज का दिन आपको किसी न किसी रूप में लाभ देकर जाएगा। दिन के आरंभी भाग में आलस्य दिखाएंगे मेहनत से बचने की मानसिकता रहने से आवश्यक कार्यो में विलंब होगा जिससे घर के सदस्यों से फटकार भी सुनने को मिलेगी।

**मिथुन : (का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, हा)**
आज के दिन भी सेहत का साथ कम मिलेगा लेकिन बीते कल की तुलना में सुधार भी आयेगा। मध्यान तक कार्यो के प्रति लापरवाही करेंगे सोचने में ही समय खराब होगा मध्यान बाद व्यवसाय में अधूरे कार्य को पूर्ण करने की चिंता में रहेंगे प्रयास करने पर भी पूरे नही कर सकेंगे।

**कर्क : (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)**
आज के दिन सुख शांति की चाह में रहेंगे लेकिन फल इसके विपरीत ही मिलेगा। आज दिन के पूर्वार्ध को छोड़ मध्यान बाद तक किसी न किस काम से भाग दौड़ लगी रहेगी।

**सिंह : (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)**
आज के दिन आपको कार्य क्षेत्र पर कल जैसी अनुकूलता नही मिलेगी फिर भी छोटे मोटे कार्यो में सफलता मिलने से धन की आमद निश्चित होगी। शरीर आलस्य में रहने के कारण आज ज्यादा उलझनों में पड़ने से बचेंगे घरलू कार्य भी चार बाते सुनने के बाद ही करेंगे।

**कन्या : (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
आज आप दिन के आरंभ से ही आलस्य में भरे रहेगें मध्यान तक कि दिनचर्या धीमी रहेगी इसके बाद भी काम तो करेंगे लेकिन ध्यान कही और ही रहेगा।

**तुला : (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते)**
आज के दिन आपके हानि लाभ बराबर रहेंगे धन लाभ समय से थोड़ा विलंब से होगा जिससे थोड़ी असुविधा होगी इसके कारण कार्यक्रम में बदलाव भी करना पड़ेगा।

**वृश्चिक : (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)**
आज का दिन भी छोटी मोटी घटनाओं से अशांत बनेगा फिर भी बीच बीच में थोड़ी शांति भी रहेगी। प्रातः काल घर के सदस्यों से बीती बातो के कारण मतभेद रहेंगे केवल मतलब से ही व्यवहार करेंगे लेकिन मध्यान बाद स्थिति बदलेगी घर के सभी सदस्य स्वार्थ से एक मत होंगे ।

**धनु : (ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)**
आज का दिन भी आपके लिये कुछ न कुछ लाभ देकर जाएगा दिन के आरंभ में कामो की गति धीमी रहेगी दैनिक कार्य भी आलस्य में करेंगे लेकिन मध्यान से पहले बाहर घूमने की योजना बनने पर शरीर मे चुस्ती आ जायेगी दिन का अधिकांश समय यात्रा पर्यटन में बीतेगा उत्तम भोजन वाहन सुख मिलने से मन प्रसन्न भी रहेगा।

**मकर : (भो, जा, जी, खी, खू, खा, खो, गा, गी)**
आज के दिन आपका स्वभाव बीते कुछ दिनों से संतोषि रहेगा। आज धन संबंधित उलझने रहने के बाद भी पारिवारिक कार्यो एवं आपसी संबंधों को अधिक महत्व देंगे।

**कुंभ : (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)**
आज का दिन आपके लिये शुभफलदायी रहेगा स्वभाव में थोड़ी चंचलता अवश्य रहेगी लेकिन इससे आस पास का वातावरण खुशनुमा ही बनाएंगे।

**मीन : (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)**
आज का दिन हानिकर रहने वाला है किसी भी कार्य मे जल्दबाजी से बचे सोच समझकर अनुभवी व्यक्ति की सलाह के बाद ही कोई कदम उठाए। कार्य व्यवसाय आज भगवान भरोसे रहेगा लाभ होते होते किसी अन्य के पक्ष में जाने से निराशा होगी।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक/संपादक- विकास गर्ग ने भगवती प्रिंटिंग प्रेस, इंडस्ट्रियल एरिया, हरिद्वार उत्तराखंड से मुद्रित करवाकर 54 आवास विकास, विवेक विहार, रानीपुर मोड़, हरिद्वार उत्तराखंड से प्रकाशित किया।
प्रकाशक / संपादक : विकास गर्ग- फोन : 9897766448, : मुख्य संपादक / सुमित तिवारी- फोन : 8077771906 : Email : uttarakhandprahari19@Gmail.com